**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-27 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 27 | (क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड मिश्रिख में केवल एक ही इंटर कालेज है, जिससे क्षेत्र के छात्र/छात्राओं को विशेष रूप से छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने हेतु काफी संघर्ष करना पड़ता है? | जी नहीं। |
| | (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु क्षेत्र में एक और इंटर कालेज का निर्माण करायेंगे? | जी नहीं। |
| | (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता है। |
| | (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | **"माध्यमिक शिक्षा विभाग के मानक नियम (**Framework for implementation of Rashtriya Madhyamik Shiksha Abhiyan) **के बिन्दु संख्या 14.2 के अनुसार ऐसे स्थल पर राजकीय इण्टर कालेज की स्थापना की जा सकती है कि प्रस्तावित स्थल के 07 से 10 किमी की परिधि में कोई राजकीय अथवा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय संचालित न हो।**<br>विकास खण्ड मिश्रिख से 10 किमी0 की परिधि में 01 राजकीय बालिका इण्टर कालेज मिश्रिख, 02 अशासकीय सहायता प्राप्त इण्टर कालेज क्रमशः (1) महर्षि दधीचि इण्टर कालेज (2) एम०आर०डी० इण्टर कालेज मिश्रिख तथा 05 वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालय क्रमशः (1) राजेश्वरी देवी कन्या इण्टर कालेज मिश्रिख (2) रामसेवक विशुनगोपाल पब्लिक इण्टर कालेज मिश्रिख (3) सरस्वती ज्ञान मंदिर इण्टर कालेज मिश्रिख, (4) श्री चन्द्र भगवान इं०का० मिश्रिख, (5) भगवत मेमोरियल इं०का० मिश्रिख (सह शिक्षा) संचालित हैं। |

**गुलाब देवी**
**राज्य मंत्री (स्वंतत्र प्रभार),**
**माध्यमिक शिक्षा।**

Scanned with OKEN Scanner